(b) whether it is also a fact that the students are being asked to clean and sweep the rooms, floors and desks on rotation basis; and

(c) if so, what action is being taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI CHIMANBHAI MEHTA): (a) No, Sir, it is not a fact.

(b) The students clean the classes under the supervision of the teacher as part of their education. This is included in Work Experience.

(c) Does not arise.

धूम्रपान पर प्रतिबंध

19. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री 15 मई, 1990 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 776 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से कोई सर्वेक्षण किया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या क्या कारण हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री नीलमणि राउतराय): (क) जी, नहीं।

(ख) इस तथ्य को सिद्ध करने के लिए पहले से ही काफी वैज्ञानिक सबूत मौजूद हैं कि धूम्रपान करने वाले लोगों के समीप रहने वाले लोग भी धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के उतने ही शिकार हो सकते हैं जितने कि धूम्रपान करने वाले लोग स्वयं होते हैं।

व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां

20. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा के संबंध में उठाये गए कदमों तथा उनके फलस्वरूप प्राप्त उपलब्धियों की कोई समीक्षा की है;

(ख) क्या यह सच है कि अपेक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं हो सकी है; यदि हां, तो इस संबंध में क्या विशेष कदम उठाय जाने का विचार है; और

(ग) क्या सरकार ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा देने के संबंध में राज्यों को कोई दिशानिर्देश जारी किये हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता): (क) माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायिकरण की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन सम्बंधी प्रगति की राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद द्वारा दिसम्बर, 1989 में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में समीक्षा की गयी थी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद ने दिसम्बर, 1989 में कुछ राज्यों में "तत्काल मूल्यांकन" के एक कार्यक्रम को भी आरंभ किया है। इस योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा भी जनवरी, 1990 में आयोजित शिक्षा-सचिवों के सम्मेलन में की गयी थी। समीक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सुधार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

(ख) उपरोक्त संदर्भित योजना के अन्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को अब मात्र फरवरी, 1988 से ही कार्यान्वित किया जा रहा है। उपलब्धियां एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न-भिन्न हैं। यद्यपि जहां तक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और दाखिले का प्रस्ताव करने वाली संस्थाओं को शामिल करने का संबंध